इंदौर, गुरुवार 01 जनवरी 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 57
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

प्रदेश में ठंड व कोहरा 25 साल का रिकॉर्ड टूटा



पेज-2

कृति खरबंदा के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट



पेज-5

नए साल में इंदौर को मिलेगी मेट्रो ट्रेन



पेज-6

# अंगद बने निगम के अधिकारी मस्त

# जनप्रतिनिधि आरोपों की माला में व्यस्त

### एक्शन में...





### चिंता में...





### गुनाहगार कौन..?





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • भागीरथपुरा में गंदे पानी के कांड से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह वे लोग हैं जो उल्टी-दस्त से प्रभावित होने के बाद भी घर पर उपचार करा रहे थे। वहीं 1100 से ज्यादा लोग इससे पीड़ित हुए हैं। साथ ही, अस्पतालों में 149 से अधिक मरीज भर्ती हैं। यह संख्या दो दिन में तेजी से बढ़ी है। इंदौर की भयावह घटना के बाद सीएम मोहन यादव काफी सख्ती के मूड में हैं। इसके पहले वह ट्रक हादसे के दौरान भी नाराज और सख्त मूड में आए थे, तब कई बड़े अधिकारी निपट गए थे।

**क्या कर रहे थे जिम्मेदार?**

इंदौर के भागीरथपुरा में जब लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित होकर दम तोड़ रहे थे, तब जिम्मेदार पार्षद कमल वाघेला और एमआईसी मेंबर जलकार्य प्रभारी बबलू शर्मा क्या कर रहे थे? यदि आपको लगता है कि ये लोग लोगों की मदद के लिए परेशान हो रहे होंगे तो बिल्कुल गलत है।

**बबलू शर्मा कर रहे थे मिलन समारोह की पार्टी :** वहीं शहर में साफ पानी देने के यानी नगर निगम इंदौर के जलकार्य समिति प्रभारी अभिषेक उर्फ बबलू शर्मा हैं। इन समस्याओं से बेफिक्र होकर अपने क्षेत्र में कान्हा रिसोर्ट में मिलन समारोह की पार्टी कर रहे थे।

**जिला प्रशासन ने 14 अस्पतालों में लगाए अधिकारी :** उधर जिला प्रशासन ने भी इस मामले में कमान संभाली है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने 29 अस्पतालों को उपचार के लिए चिन्हित किया है। इनमें 14 अस्पतालों में उपचार में कोई समस्या न आए, इसके लिए तहलसीलदार और पटवारी को तैनात किया गया है। यह अस्पताल ईएसआईसी, वर्मा, शैल्बी, डीएनएस, शशि, चाचा नेहरू, त्रिवेणी, एमवाएएच, अरविंदो, अपोलो, भंडारी, सीएचएल और गीता भवन हैं। उधर अस्पतालों में 149 मरीज भर्ती हैं, जबकि सोमवार को यह संख्या केवल 34 थी। वहीं अस्पतालों में समस्या लेकर 350 से ज्यादा लोग पहुंचे हैं, जिनका प्राथमिक उपचार कर घर रवाना किया गया है। यह सभी स्थितियां बता रही हैं कि हालात गंभीर हैं और समय पर कोई भी जिम्मेदार, चाहे जनप्रतिनिधि हो या फिर सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, नहीं जागे और यह नींद मौतों के बाद ही खुली, जब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### झूला झूल रहे थे पार्षद कमल वाघेला

*भागीरथपुरा एरिया वार्ड 11 में आता है, जहां बीजेपी से पार्षद कमल वाघेला हैं। ये एमआईसी में आने के लिए भी प्रबल दावेदार थे, लेकिन बात नहीं बनी। इनके पास लोग लगातार शिकायतें लेकर आते रहे और ये टालते रहे। कुछ मरीजों को तो ये कहकर भगा दिया गया कि ये उनके वार्ड के नहीं हैं। जब लोग मर रहे थे, तब इनकी एक फोटो सामने आई है। यह फोटो भागीरथपुरा बगीचे की है, जहां झूला लगा है। यहां पर ये झूला का लुत्फ लेते हुए, मोबाइल पर चर्चा कर रहे थे।*



### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक पाती

## साहब अब जांच नहीं एक्शन चाहिए



*मुख्यमंत्रीजी, आपकी संवेदनशीलता को प्रणाम! आपने अपने व्यस्त समय में दूषित पानी हत्याकांड से प्रभावित मरीजों को देखने के लिए समय निकाला और त्वरित बैठक लेकर अधिकारियों को जांच के लिए कहा पर मुख्यमंत्रीजी इंदौर की जनता आपसे कह रही है कि अब जांच का कोई अर्थ नहीं है। सबकुछ साफ है। दोषी कौन है? यह निगम के गलियारों में गूंज रहा है। सारे जनप्रतिनिधि जानते हैं कि किसकी लापरवाही और किसकी मस्ती ने इन 13 मासूम लोगों की जान ली है। यह तो आपका सम्मान है जो इंदौर के बड़े-बड़े नेता अपना मुंह सीलकर बैठे हुए हैं। 'घंटा' शब्द निकलना अपने आप में पीड़ा को दर्शा रहा है कि किस तरह दोषी को जानते हुए भी कुछ नहीं कह पा रहे हैं। मुख्यमंत्रीजी भागीरथपुरा के निवासी हाथ जोड़कर चीख-चीख कर कह रहे हैं कि अब जांच-पड़ताल का समय नहीं बीता! अब एक्शन हो—तत्काल! नगर निगम में सीवरेज की नई लाइन के नाम पर , अमृत योजन के नाम पर स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए हजारों करोड़ के बजट के बावजूद भी देश के सबसे स्वच्छ शहर में दूषित पानी से मौत हो जाए यह शर्म की बात है। नर्मदा जल के पाइपलाइन लीकेज से गंदा पानी आया, नगर निगम सोया रहा। आपने अधिकारियों को निलंबित किया, अच्छा कदम, लेकिन यह कम है। हाईकोर्ट इंतजार कर रहा, दुनिया देख रही—अब एक्शन दिखाएं, वादों पर न रुकें।*

आशीष गुप्ता

## 2 जनवरी को पेश होगी हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट

*इंदौर हाईकोर्ट में भागीरथपुरा के गंदे पानी कांड पर 31 दिसंबर को अर्जेंट हियरिंग हुई। इस मामले में दो जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं। इसमें आदेश दिए गए कि लोगों को मुफ्त इलाज दिया जाए। साथ ही भागीरथपुरा प्रभावित एरिया में साफ पानी की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने मामले में दो जनवरी को स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। सुनवाई जस्टिस बीपी शर्मा और जस्टिस राजेश कुमार गुप्ता की बैंच ने की।*

***इनके द्वारा लगी याचिकाएं :*** *इस मामले में एक याचिका हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष रितेश ईनाणी ने दायर की थी। एक अन्य जनहित याचिका पूर्व पार्षद महेश गर्ग और प्रमोद द्विवेदी की ओर से दायर की गई। इसे अधिवक्ता मनीष यादव और करण बैरागी के माध्यम से थी। हस्तक्षेपकर्ता की और से अधिवक्ता अभिनव धनोदकर ने भी याचिका लगाई। इन याचिकाओं में दोषियों पर आपराधिक मुकदमा पीड़ितों का नि:शुल्क इलाज कराए जाने सहित विभिन्न मांगे थी।*

## भागीरथपुरा नहीं, पूरा इंदौर जानलेवा पानी की चपेट में

*इंदौर में दूषित पानी से परेशानी बढ़ती जा रही है। भागीरथपुरा में 8 मौतों के बाद, यह समस्या पूरे शहर में फैल चुकी है। महापौर के गृह क्षेत्र तक में गंदे पानी की शिकायतें दर्ज हुई हैं। जो देश का सबसे साफ शहर माना जाता था, अब अपने सबसे गंदे सच से सामना कर रहा है। नलों से जो पानी आ रहा है, वह बदबूदार, मटमैला और जानलेवा है। इसकी कीमत आम लोग अपनी सेहत और जान से चुका रहे हैं। भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 8 लोगों की मौत और सैकड़ों लोग बीमार हो गए। इस खतरे का असर अब पूरे शहर में फैल चुका है। यह हम नहीं कह रहे, बल्कि निगम का 311 एप साफ-साफ बताता है। यह सिर्फ भागीरथपुरा की समस्या नहीं है, गंदा पानी अब पूरे इंदौर की पहचान बन चुका है। यहां तक कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव का गृह क्षेत्र भी इससे बचा नहीं है।*

*यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि समस्या अचानक पैदा नहीं हुई, दूषित जल लंबे समय से लोगों के घरों तक पहुंच रहा था, शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा था।*

### न्यूज ब्रीफ

- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी नववर्ष की बधाई, की समृद्धि की कामना
- वाराणसी : नए साल की सुबह विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों की लगी लंबी कतार
- शेयर बाजार ने उछाल के साथ किया 2026 का आगाज, सेंसेक्स 223.54 पॉइंट्स चढ़ा
- DRDO दिवस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों को दी बधाई
- चीन की बढ़ती विस्तारवादी नीति के बीच ताइवान सख्त, राष्ट्रपति लाई चिंग-ते बोले-संप्रभुता से समझौता नहीं
- न्यू ईयर ईव पर अलेप्पो में धमाका, सुरक्षा गश्त के पास आत्मघाती हमलावर फटा, एक जवान की मौत
- आज से लागू हो रहा 8वां वेतन आयोग, कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ा तोहफा
- भारती एयरटेल को आज मिलेगा नया ष्टश्वह्र, शश्वत शर्मा संभालेंगे कमान
- ऑस्ट्रेलिया आज से भारतीय निर्यात पर 100 फीसदी टैरिफ हटाएगा

## नर्मदा पर 1275 मीटर लंबा ब्रिज जल्द बनकर होगा तैयार



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**खंडवा** • नए साल में नेशनल हाईवे पर सफर करने वालों के लिए बड़ी राहत की खबर है। फरवरी-2026 में सनावद-बड़वाह के बीच नर्मदा नदी पर बन रहा 1275 मीटर लंबा ब्रिज वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। शुरुआत में ब्रिज का टू-लेन चालू होगा, जिससे क्षेत्र में लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी और खंडवा से इंदौर की यात्रा पहले से कहीं ज्यादा आसान और तेज हो जाएगी।

एनएचएआई के अनुसार 140 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस 6-लेन ब्रिज का करीब 85% काम पूरा हो चुका है। ब्रिज चालू होने के बाद वाहन सनावद और बड़वाह को बायपास करते हुए सीधे इंदौर-खंडवा की ओर निकल सकेंगे। इंदौर-एदलाबाद (मुक्ताईनगर) 216 किमी लंबे नेशनल हाईवे का काम भी तेजी से चल रहा है। दिसंबर-2026 तक पूरा हाईवे चालू होने की उम्मीद है। इसके बाद खंडवा से इंदौर का सफर, जो अभी 3.30 से 4 घंटे में पूरा होता है, घटकर सिर्फ 2 घंटे का रह जाएगा। वहीं बुरहानपुर से इंदौर की दूरी भी 5-5.30 घंटे की जगह करीब 3 घंटे में तय होगी। एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक, अप्रैल-2026 तक बलवाड़ा से शाहपुर तक करीब 145 किमी नेशनल हाईवे भी चालू हो सकता है।

## मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही होंगी सियासी नियुक्तियां

### मंत्री पद का दर्जा पाने की आस पाले बैठे दावेदारों का खत्म होगा इंतजार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • नया साल विधायकों और राजनेताओं के लिए भी खुशखबरी लेकर आ रहा है। इस साल मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव अपने मंत्रिमंडल में विस्तार कर सकते हैं तो राजनीतिक नियुक्तियों का पिटारा भी खुल सकता है। चार दर्जन से अधिक निगम मंडलों में ये नियुक्तियां की जाएगीं। इसके अलावा विकास प्राधिकरिणों में भी नियुक्तियां होंगी। मुख्यमंत्री खुद इस आशय के संकेत दे चुके हैं। मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव की सरकार में अभी तीस मंत्री है इनमें 20 कैबिनेट, छह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और 4 राज्यमंत्री शामिल हैं। माना जा रहा है कि दो साल के परफार्मेन्स के हिसाब से कुछ मंत्रियों को विश्राम दिया जा सकता है। वहीं विधायकों की संख्या के मान से सीएम अभी तीन से चार विधायकों को और मंत्री बना सकते हैं। भाजपा से जुड़े सूत्रों की माने तो नए साल में कुछ चेहरे बदले जाएंगे तो कुछ नए शामिल होंगे।

इस फेरबदल में भाजपा के कुछ सीनियर विधायकों को मौका दिया जाएगा। इसमें मालवा, महाकौशल और बंदेलखंड के विधायकों के नाम शामिल हैं। हालांकि अंतिम निर्णय केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर होना है। मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव खुद मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होने की बात कह चुके हैं। वहीं इस साल राजनीतिक नियुक्तियां भी की जाना है। निगम मंडलों में नियुक्तियों को लेकर सीएम और संगठन नेताओं की तीन दौर की बैठकें हो चुकी हैं। जिसमें एक दर्जन से अधिक नाम भी फाइनल हो चुके हैं। इन नामों पर अब केन्द्रीय नेतृत्व की मुहर लगना बाकी है। विकास प्राधिकरणों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संचालकों को लेकर जिलों से नाम प्रदेश भाजपा संगठन ने मांगे हैं।

## इंदौर में पकड़ाए 17 संदिग्ध युवक पश्चिम बंगाल के निकले



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मल्हारगंज में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एक सिलाई कारखाने में काम करने वाले 17 संदिग्ध युवकों को पकड़ा था। उन पर बांग्लादेशी होने का आरोप लगाया था।

मामले में पुलिस ने जांच की तो सभी कारीगर युवक पश्चिम बंगाल के निकले। जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। दूसरी तरफ पुलिस ने इस मामले में थाने पर सभी की जानकारी नहीं दिए जाने के चलते कारखाना संचालक पर कार्रवाई की है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि सोमवार को कमला नेहरू नगर से 17 संदिग्ध बांग्लादेशी पकड़ाए थे। बीजेपी नेताओं ने उन्हें अवैध तरीके से रहने की बात करते हुए बांग्लादेशी होने का आरोप लगाया था। पुलिस ने सभी के आधार कार्ड अपने पास रखे थे। इसके बाद संबधित जिलों से सभी की जानकारी निकलवाई गई। जिसमें 11 कारीगर नंदीग्राम, 1 मदीनापुर वहीं 4 अन्य जिले के निकले हैं। पुलिस ने वेरिफिकेशन कर बताया कि सभी इंदौर में काम के लिए गए हुए हैं। वहीं 3 साल से कारीगरों की जानकारी नहीं देने वाले सिलाई कारखाना के संचालक खेमचंद लिखार के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

## न्यूज ब्रीफ

### आर.डी.एस.एस. अंतर्गत पश्चिम म.प्र. का 86वां सब स्टेशन ऊर्जीकृत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शासन की महत्वपूर्ण रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आर.डी.एस.एस.) अंतर्गत पश्चिम क्षेत्र का 86वां 33/11 केवी सब स्टेशन इंदौर संभाग के खरगोन जिले के बलसगांव पाडल्या में ऊर्जीकृत किया गया है। पांच एम.वी.ए. के इस ग्रिड से हजारों उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में ज्यादा गुणवत्ता से बिजली मिलेगी। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया योजना में प्रदेश का पहला ग्रिड इंदौर जिले के ईमलीखेड़ा में तैयार हुआ था। अब तक इंदौर शहर वृत्त और इंदौर ग्रामीण वृत्त में कुल 13 सब स्टेशन तैयार कर बिजली वितरित की जा रही है। उज्जैन जिले में 12, शाजापुर 8, रतलाम 9, देवास 5, खरगोन 6, बड़वानी 4, खंडवा 8, बुरहानपुर 7, झाबुआ 5, धार 2, मंदसौर 3, नीमच में एक सब स्टेशन तैयार होकर विद्युत आपूर्ति सेवा प्रदान कर रहे है। श्री सिंह ने बताया कि आर.डी.एस.एस. अंतर्गत 5 एम.वी.ए. क्षमता के इन ग्रिडों से कंपनी की विद्युत वितरण क्षमता 430 एम.वी.ए बढ़ी है।

### दोस्त ने जन्मदिन के दिन मार डाला दोस्त को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर इंदौर में साल के पहले दिन की शुरूआत हत्या जैसे जघन्य अपराध से हुई। मल्हारगंज क्षेत्र में नए साल की पार्टी के दौरान विवाद हो गया। शराब के नशे में एक युवक ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस को हुकमचंद कॉलोनी से मकान की एक छत पर विवाद होने की जानकारी पहुंची। अफसर मौके पर पहुंचे तो पुष्पेंद्र पिता राजकुमार निवासी हुकमचंद का शव मिला। छत पर सामान भी बिखरा पड़ा था। हत्या से पहले पुष्पेंद्र ने बचाने के लिए हाथापाई भी की। उसके शरीर पर गंभीर घाव थे और ज्यादा मात्रा में खून बहने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दोस्तों ने चाकू मार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

दरअसल 31 दिसंबर को पुष्पेंद्र का जन्मदिन था। उसने दोस्तों को अपने जन्मदिन पर बुलाया था। इस दौरान उसने दोस्त नीरज यादव को बुलाया था। नीरज आपराधिक किस्म का युवक है और वह अपने जेंब में चाकू भी रखा है। मजाक में पुष्पेंद्र ने नीरज को अपशब्द करे। इससे वह नाराज हो गया और सीने पर चाकू मार दिया।

### नए साल की पार्टी कर लौट रहे थे, एक युवक और युवती घायल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के तेजाजी नगर बायपास पर कृपाल घाटी के पास गुरुवार अलसुबह तेज रफ्तार थार सामने से आ रही बस में घुस गई। जिससे कार में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक व युवती गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक और युवती 31 दिसंबर की पार्टी कर लौट रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक हादसे में शुभम (24) पुत्र अंकित कक्कर निवासी नागदा की मौत हो गई। वहीं थार में सवार प्रियांशु पुत्र मनोहर मेहर निवासी नंदानगर और उसकी साथी आयुषी पुत्री राकेश घोष निवासी मंगलनगर सुखलिया घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद सावलिया नाम का युवक घायलों और मृतक को अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन शव को अस्पताल में छोड़कर वह मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। बस में भी यात्री सवार थे, हालांकि बस में किसी को चोट नहीं आई। पुलिस ने मौके से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर मार्ग सुचारु कराया है। थार की तलाशी के दौरान वाहन के अंदर से शराब की बोतलें और खाने-पीने का सामान बरामद हुआ है। फिलहाल पुलिस मृतक शुभम के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटा रही है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# प्रदेश में ठंड व कोहरा : दिसंबर में 25 साल का रिकॉर्ड टूटा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में इस बार सर्दी ने पुराने सारे रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं। नवंबर महीने में जहां 84 साल में सबसे ज्यादा ठंड दर्ज की गई, वहीं दिसंबर ने 25 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मौसम विभाग का कहना है कि ठंड का यह सिलसिला यहीं थमने वाला नहीं है। जनवरी में भी प्रदेश को कड़ाके की सर्दी, घना कोहरा और शीतलहर का सामना करना पड़ेगा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, जनवरी की शुरुआत में ही कई इलाकों में माइनस लेवल की ठंड जैसे हालात बन चुके हैं। आने वाले दिनों में रात के तापमान में और गिरावट संभव है। नए साल की पूर्व संध्या पर भी प्रदेश ठिठुरता रहा, हालांकि ठंड के बावजूद न्यू ईयर सेलिब्रेशन पूरे जोश के साथ हुआ।

**न्यू ईयर की सुबह कोहरे में लिपटा प्रदेश**-नए साल के पहले दिन सुबह होते ही प्रदेश के बड़े हिस्से घने कोहरे की चपेट में आ गए। ग्वालियर-चंबल अंचल से लेकर बुंदेलखंड, विंध्य और मध्य भारत तक विजिबिलिटी बेहद कम रही। ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया के साथ भोपाल, इंदौर, सीहोर, रायसेन, विदिशा, मंडला और डिंडौरी में भी सुबह के समय कोहरे का असर देखा गया।

**पहाड़ों की बर्फबारी ने बढ़ाई कंपकंपी**-उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में हो रही भारी बर्फबारी और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) का सीधा असर मध्यप्रदेश के मौसम पर पड़ रहा है। सुबह-शाम घना कोहरा, दिन में कोल्ड डे और रात में शीतलहर जैसे हालात बन रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, ऊपरी वायुमंडल में चल रही जेट स्ट्रीम भी ठंड बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। बुधवार को



इसकी रफ्तार करीब 278 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई, जिससे रात के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को भी जेट स्ट्रीम के प्रभावी बने रहने का अनुमान है।

**क्या है जेट स्ट्रीम और क्यों बढ़ रही ठंड**-मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, जेट स्ट्रीम जमीन से करीब 12 से 13 किलोमीटर ऊंचाई पर बहने वाली बेहद तेज हवाओं की धारा होती है। इस बार इसकी गति 280 किमी प्रति घंटा से ज्यादा रिकॉर्ड की गई है। जब उत्तर भारत के मैदानी इलाकों की ठंडी हवा और पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाएं एक साथ सक्रिय हो जाती हैं और ऊपर से जेट स्ट्रीम बन जाती है, तब ठंड का असर दोगुना हो जाता है। फिलहाल मध्यप्रदेश में यही स्थिति बनी हुई है।

जनवरी में प्रदेश में माइनस वाली ठंड गिर चुकी है। अबकी बार भी तेज सर्दी, घना कोहरा छाने के साथ शीतलहर भी चलेगी। साल की आखिरी रात में भी प्रदेश में तेज ठंड पड़ी। कल्याणपुर, नौगांव और खजुराहो सबसे ठंडे शहरों में टॉप-3 पर रहे। इसके बावजूद न्यू ईयर का जमकर सेलिब्रेशन हुआ। नए साल के पहले दिन कोहरे और सर्दी का असर है। ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, उमरिया और शहडोल के साथ इंदौर, भोपाल, शाजापुर, सीहोर, रायसेन, विदिशा, मंडला, डिंडौरी समेत कई जिलों में कोहरे का असर देखा गया।

**पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी, इसलिए बढ़ी ठंड**-पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी से एमपी में सर्दी का असर बढ़ा है। सुबह घने कोहरे के अलावा कोल्ड वेव यानी, शीतलहर, कोल्ड डे और तेज ठंड भी है।

मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को जेट स्ट्रीम (ठंडी-गर्म हवा का नदी जैसा बहना) की रफ्तार 278 kmph तक पहुंच गई। इस वजह से एमपी में भी रात के तापमान में गिरावट आई है। गुरुवार को भी जेट स्ट्रीम तेजी से बहेगी। मौसम एक्सपर्ट की माने तो प्रदेश में ठंड बढ़ने की वजह खास वजह जेट स्ट्रीम भी है। यह जमीन से लगभग 12.6 किमी ऊंचाई पर चलने वाली तेज हवा है। इस बार रफ्तार 285 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई है। यह देश के उत्तरी हिस्से में सक्रिय है।

पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवा के अलावा ये ऊंची हवा सर्दी बढ़ा रही है। उत्तर के मैदानी इलाकों से जब ठंडी हवा और पहाड़ी इलाकों से बर्फीली हवा हमारे यहां आती है, तब तेज ठंड पड़ती है।

## गंदगी फैलाने पर 6 फैक्ट्रियों पर चालानी कार्रवाई कई फैक्ट्रियों के सामने गंदगी एवं प्रदूषण मिला



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●आयुक्त दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार शहर में किसी भी प्रकार के कचरा एवं गंदगी करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के क्रम में बुधवार को ज़ोन क्रमांक 17 वार्ड 18 में कुल 6 फैक्ट्रियों पर 63 हजार की चालानी कार्रवाई की गई। विदित हो कि सुबह ज़ोन 17, वार्ड 18 में जोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील जी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सत्येंद्र सिंह तोमर व वार्ड पार्षद द्वारा स्वच्छता निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेक्टर-ई क्षेत्र में स्थित कई फैक्ट्रियों के सामने गंदगी एवं प्रदूषण पाया गया। कुछ फैक्ट्रियों द्वारा कचरा खुले में फैलाया जाना तथा एक फैक्ट्री द्वारा कचरा जलाया जाना भी पाया गया, जो नियमों के विरुद्ध है। इस संबंध में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सत्येंद्र सिंह तोमर द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ईश्वर इंडस्ट्रीज, रहमत प्लास्टिक, श्री राम प्लास्टिक, श्री साई स्क्रैप, जय श्री सालासर इंडस्ट्री व के आर एंटरप्राइजेज कुल 6 फैक्ट्रियों पर 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। संबंधित फैक्ट्री प्रबंधन को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में स्वच्छता बनाए रखें।

## आज से बदलेगी 26 ट्रेनों की टाइमिंग, भोपाल-इंदौर इंटरसिटी अब 10 मिनट लेट रवाना होगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नए साल के पहले दिन यानी, 1 जनवरी से भोपाल, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) से आने-जाने वाली 26 ट्रेनों की टाइमिंग बदलेगी। रेलवे ने नया शेड्यूल जारी कर दिया है। भोपाल-इंदौर इंटरसिटी अब 10 मिनट लेट रवाना होगी। जयपुर, जोधपुर, रीवा, अगरतला, ग्वालियर, बिलासपुर, बीना, कोटा, मैसूर, दरभंगा, दिल्ली, कन्याकुमारी, पटना, प्रयागराज समेत कई जगहों पर जाने वाली ट्रेनों की टाइमिंग भी बदली गई है। रेलवे ने नई समय सारणी भी जारी कर दी है। हालांकि, भोपाल के तीनों स्टेशन से आने-जाने वाली ट्रेनों में 5 से 15 मिनट का बदलाव किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया, 1 जनवरी से लागू नई समय-सारणी अनुसार विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ियों के आगमन और प्रस्थान समय में आंशिक परिवर्तन एवं मंडल में अधिकांश गाड़ियों की औसत गति बढ़ने से समय की बचत होगी। प्रबंधक ने बताया, टाइमिंग के बदलाव के अलावा पश्चिम मध्य रेलवे एवं भोपाल मंडल पर अधिकांश ट्रेनों स्पीडिंग अप भी किया गया है। इस संबंध में संबंधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों को भी सुझाव है कि असुविधा से बचने के लिए 1 जनवरी से प्रभावी समय-सारणी की जानकारी स्टेशन, अधिकृत बेवसाइट अथवा रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।



### अब ये रहेगी ट्रेनों की टाइमिंग

गाड़ी संख्या 22145 भोपाल-रीवा एक्सप्रेस, भोपाल रेलवे स्टेशन से रात 11.05 बजे की बजाय रात 11 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 19324 भोपाल-डॉ अंबेडकर नगर एक्सप्रेस, भोपाल स्टेशन से शाम 5 बजे की बजाय शाम 5 :10 बजे प्रस्थान करेगी

गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस, भोपाल स्टेशन से शाम 4 :55 बजे की बजाय 4 :40 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से रात 10 बजे की बजाय रात 9 :55 बजे प्रस्थान करेगी

गाड़ी संख्या 12197 भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस, भोपाल स्टेशन से दोपहर 1 :15 बजे की बजाय दोपहर 1 :10 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 19712 भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस, भोपाल स्टेशन से शाम 4 :35 बजे की बजाय शाम 4 :30 बजे प्रस्थान करेगी।

**शहर विकास की यात्रा 2026 में भी अनवरत जारी रहेगी**

# 2025 में आईडीए ने बनाए पांच ब्रिज, 87 किमी सड़कें, अनेक कार्य हुए पूरे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के नियोजित विकास में नित नये आयाम अर्जित किए जा रहे हैं। 2025 में आईडीए ने शहर में पांच बड़े ब्रिज के साथ मास्टरप्लान की 87 किमी सड़कें, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सरोकारों के तहत सैकड़ों करोड़ के काम पूर्ण किए हैं।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी डॉ. परिक्षित झाड़े ने बताया कि 2025 में आईडीए ने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु 610 मी लंबे एवं 24 मी चौड़े संत श्री सेवालाल महाराज फ्लायओवर के साथ भंवरकुआं फ्लायओवर (625 मीटर), श्री गणेश सेतु खजराना (500 मीटर) तथा लवकुश फ्लायओवर (675 मीटर) का निर्माण कर प्रमुख चौराहों को सिग्नलमुक्त किया गया है। साथ ही अभी तक लगभग 87 किमी मास्टर प्लान की सड़कों का निर्माण कार्य किया गया। इन सभी फ्लायओवर्स में 45 से 65 मीटर के ऑब्लिगेटरी स्पैन में स्टील गर्डर,



जोन-03 के अनुरूप भूकंपरोधी डिजाइन, सौंदर्याकरण एवं लैंडस्केपिंग कार्य किए गए हैं। निर्माण के दौरान 2000 वृक्षों का प्रतिस्थापन एवं 1400 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है।

100 करोड़ की लागत से आईएसबीटी बनाया: परिवहन अधोसंरचना को सुदृढ़ करते हुए श्री टंट्या मामा भील अंतरराष्ट्रीय बस टर्मिनल एमआर 10 का विकास 5.82 हेक्टेयर क्षेत्र में रु. 100.60 करोड़ की लागत से किया गया है। यह टर्मिनल 24 घंटे में 1400 बसों की संचालन क्षमता, पूर्णतः वातानुकूलित भवन, सीसीटीवी सर्विलांस, अंडरग्राउंड पार्किंग, रेस्टोरेंट, शॉप्स, कार्यालय एवं मेट्रो से सीमलेस कनेक्टिविटी जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इस परियोजना का कार्य 15 अप्रैल 2025 को पूर्ण किया गया।

शिक्षा क्षेत्र सांदीपनी विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) अंतर्गत नंदानगर, शिवनगर एवं पालकांकरिया क्षेत्रों में आधुनिक विद्यालय परिसरों का निर्माण किया जा रहा है। इन परियोजनाओं की लागत क्रमशः रु. 29.26 करोड़, रु. 32.03 करोड़ एवं 25.70 करोड़ है, जिनकी भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत से अधिक है तथा संभावित पूर्णता मार्च 2026 निर्धारित है। सामाजिक सरोकार स्नेह धाम परियोजना को रु. 16.36 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है। इसमें 1 बीएचके के 10 फ्लैट, 2 बीएचके के 22 फ्लैट, 6 दुकानें एवं 1 एटीएम, बेसमेंट एवं ग्राउंड पार्किंग के साथ प्रथम तल पर एक्टिविटी एरिया, फिजियोथेरेपी, डॉक्टर चेंबर एवं डायनिंग हॉल जैसी सुविधाएँ हैं।

**ओद्योगिक क्षेत्र व्यवस्था और बेहतर होगी**

## पीथमपुर में होंगे 50 करोड़ के बिजली संबंधी कार्य

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पीथमपुर औद्योगिक संगठन की बैठक एसईजेड परिसर में हुई, जिसमें संगठन के अध्यक्ष गौतम कोठारी तथा लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष राजेश जैन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनूपकुमार सिंह, मुख्य अभियंता कामेश श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता डॉ. डीएन शर्मा, कार्यपालन अभियंता आकाश बंसल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में



शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्योगों को प्रदान की जा रही विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता से संबंधित विषयों पर चर्चा करना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संवाद स्थापित करना था। बैठक को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मख्यमंत्री की मंशानुसार औद्योगिक क्षेत्रों को सतत गुणवत्तापूर्वक निर्बाध विद्युत सप्लाई देनी हैं। इसके लिए पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के लिए लगभग 50 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास, उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी कार्य आगामी ग्रीष्म ऋऋतु से पूर्व पूर्ण कराए जाएंगे। साथ ही यह भी आश्वस्त किया कि इन कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है तथा आगामी वर्षा ऋऋतु से पूर्व व्यापक मेंटेनेंस एवं सुधार कार्य भी समय पर करवा दिए जाएंगे।

प्रबंध निदेशक ने उद्योगों को सुझाव दिया कि अपने-अपने परिसर में वीसीबी स्थापित करें, ताकि किसी एक उद्योग में आने वाले फाल्ट का प्रभाव उस फीडर से जुड़े अन्य उपभोक्ताओं पर न पड़े और समग्र आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित न हो। बैठक के दौरान उद्योगपतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएँ, सुझाव एवं प्रश्न प्रस्तुत किए।

## कार्यालय से बदमाशों ने उड़ाए 7 लाख नकदी

### मामला लसूड़िया इलाके का, जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● लसूड़िया क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी के कार्यालय में चोरी की वारदात हो गई। बदमाशों ने डायरेक्टर के ऑफिस में बने लॉकर को तोड़कर करीब 7 लाख रुपए नकद पर हाथ साफ कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ईश्वर पिता आत्माराम पवार की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि दो बदमाशों ने लेक्सो हाउस स्थित कंपनी कार्यालय का ताला तोड़ा और डायरेक्टर योगेश शर्मा के केबिन में बने लॉकर से 7 लाख रुपए चोरी कर लिए। यह रकम कर्मचारियों को भुगतान के लिए बैंक से निकाली गई थी। पुलिस ने जब कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो फुटेज में संदिग्ध आरोपी नजर आए हैं। इन्हीं फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश की जा रही है।

**सीसीटीवी में दिखे दो बदमाश**-संबंधित कंपनी रेलवे की ठेकेदारी का काम करती है और यहां रेलवे से जुड़े कार्यों का संचालन होता है। लसूड़या थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दो आरोपी रात 2 बजे के बाद कार्यालय में आते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## चाइनीज मांझा बेचने वाले दो कारोबारी जिलाबदर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● चीनी डोर की बिक्री पर रोकथाम के लिए पुलिस कमिश्नर ने दो कारोबारियों को जिलाबदर किया है। बायपास पर नाबालिग गुलशन की चीनी डोर की चपेट में आने से मौत के बाद इंदौर के 80 कारोबारियों की पहचान की गई थी। एमजी रोड पुलिस ने काछी मोहल्ला के चार व्यापारियों के नाम जिलाबदर के लिए भेजे थे। कमिश्नर ने शोएब मेव निवासी मेवाती मोहल्ला और समीर मेव, आरिफ हुसैन, शफीक मेव निवासी मेवाती मोहल्ला को जिलाबदर किया है। शोएब को छह महीने और समीर को तीन महीने के लिए जिलाबदर किया गया है। कृष्णा उर्फ बाबू कटोरा निवासी चितावद, राहुल उर्फ टोपी वर्मा निवासी निरंजनपुर, हेमंत उर्फ लक्की बुंदेला निवासी रामनगर, करण केवट निवासी हम्माल कालोनी और नागेश वाघ निवासी शिवाजी नगर को भी जिलाबदर किया गया है।

### नववर्ष में दिया गया निरोग समाज का संदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नववर्ष के स्वागत और वर्ष 2025 की विदाई को यादगार बनाने के लिए तुलसी नगर सरस्वती मंदिर परिसर की योगशाला के एक वर्ष पूर्ण होने के पर साधकों ने योग एवं प्राणायाम को जन-जन तक पहुंचाने एवं स्वस्थ और निरोग समाज के निर्माण का संकल्प लिया। तुलसी नगर योगशाला की प्रथम वर्षगांठ पर श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का मार्गदर्शन योग गुरु राकेश चौधरी एवं वरिष्ठ योग गुरु प्रेम कैरो ने किया। कार्यक्रम में योग गुरु प्रेम कैरो एवं योग साधक जयराम सिंह राजपूत का सपत्नीक शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, गुरुवार 01 जनवरी 2026

# 2026-गुरु और मंगल का वर्ष...केंद्र सरकार के लिए अनुकूल रहेगा, मेष, मीन, सिंह, धनु के लिए चैलेंजिंग रहेगा साल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●साल 2026 की शुरुआत के साथ हर व्यक्ति के मन में यह सवाल है कि आने वाला साल उसके जीवन में खुशियां, सफलता और समृद्धि लेकर आएगा या नहीं। इसी जिज्ञासा को शांत करने के लिए प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य से खास बातचीत की। ज्योतिष मानवेन्द्र सिंह रावत बता रहे हैं कि वर्ष 2026 में ग्रह-नक्षत्रों की चाल देश-दुनिया, प्रदेश और आपकी राशि पर क्या प्रभाव डालेगी। कौन-सी राशि को मिलेगा भाग्य का साथ, किन्हें बरतनी होगी सावधानी और किसके लिए खुलेंगे सफलता के नए द्वार।

### केंद्र के लिए अच्छा साल

ज्योतिषाचार्य मानवेन्द्र सिंह रावत के अनुसार साल 2026 केंद्र सरकार के लिए अनुकूल रहने वाला है, हालांकि राजनीतिक स्तर पर कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। उन्होंने बताया कि 2026 गुरु और मंगल का वर्ष रहेगा, जिसमें सेनापति ग्रह गुरु की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इस दौरान सरकार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है और विपक्ष के हमले भी तेज रहेंगे।



रावत के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जून के बाद भारत की स्थिति और मजबूत होगी और विश्व मंच पर देश का प्रभाव बढ़ेगा। इसमें मध्य प्रदेश की विशेष भूमिका देखने को मिलेगी।

मध्य प्रदेश के लिए 2026 को उन्होंने अत्यंत शुभ बताया। ग्रहों और राशियों की स्थिति प्रदेश के अनुकूल है। हालांकि वर्ष की शुरुआत कुछ जटिल रह सकती है, लेकिन अप्रैल से दिसंबर तक का समय बेहद सकारात्मक और लाभकारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि 1 जून को देवगुरु बृहस्पति उच्च अवस्था में प्रवेश करेंगे, जिससे विशेष रूप से पांच क्षेत्रों में शुभ फल मिलेंगे। इससे सरकार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, खासतौर पर मध्य प्रदेश को इसका अधिक लाभ मिलेगा। गुरु को धन, संतान, करियर और भाग्य उन्नति का कारक माना जाता है, इसलिए इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति के योग बन रहे हैं।

### उपाय जो कारगर होंगे

**मेष राशि** - मंगल को मजबूत करें, हनुमान चालीसा का पाठ करें, शनि के लिए काले दाने (उड़द), सरसों का तेल और काले कपड़े दान करें। महाकाल की पूजा अवश्य करें।

**मीन, सिंह, धनु और कुम्भ राशि** - शनि का पूजन करें। साढ़े साती और ढैया के प्रभाव से कार्य में विलंब हो सकता है, इसलिए जितना हो सके शनि के उपाय करें।

**सिंह राशि** - सूर्य को जल अर्पित करें और शनि के उपाय करें।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने में दूषित जल आपूर्ति से संक्रमण को लिया गंभीरता से

**इंदौर** ●मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनसामान्य का स्वास्थ्य, राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल आपूर्ति से नागरिकों के संक्रमित होने की घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। घटना में लापरवाही पाये जाने पर जोन क्रमांक-4 के जोनल अधिकारी, सहायक यंत्री एवं प्रभारी सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। प्रभारी उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। मामले की गहन जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की समिति भी गठित कर दी गई है।

### 2 जनवरी को भोपाल में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ करेगा आंदोलन

**इंदौर** ● आजाद अध्यापक शिक्षक संघ अपनी लंबित मांगों के निराकरण के लिए प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश भर के कर्मचारी 2 जनवरी को भोपाल पहुंच कर प्रांत अध्यक्ष भाई भरत पटेल के नेतृत्व में डॉक्टर आंबेडकर जयंती मैदान टीटी नगर में धरना प्रदर्शन करेंगे। इंदौर से प्रांतीय उपाध्यक्ष के के आर्य जी एवं जिला अध्यक्ष अमरीष शर्मा ने बताया कि नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करने , ग्रेजुएटी का लाभ देने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने तथा ई अटेंडेंस व्यवस्था समाप्त करने एवं अन्य मांगों के निराकरण के लिए भोपाल में 2 जनवरी को संगठन के आह्वान पर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसमें पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों अध्यापक शिक्षक भोपाल पहुंच करे धरने प्रदर्शन में शामिल होंगे । इंदौर से गोपाल कुमरावत, बर सिंह भूरिया, धारा सिंह चौहान, मनिंदर सिंह ठाकुर, शिव सोनी,अखिलेश पाल, विनोद कुमार सोनगिर,डॉक्टर दीपक दुबे सहित अपने सैकड़ों साथियों के साथ पहुंचेंगे।

### आबकारी विभाग की सतत कार्रवाई जारी

**इंदौर** ●नववर्ष के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कलेक्टर शिवम् वर्मा, सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी के आदेशानुसार आबकारी विभाग द्वारा ढाबों एवं बारों की सघन जांच की गई। जांच अभियान के दौरान दीपश्री ढाबा स्थान सिलिकॉन सिटी की जांच के दौरान 30 बोतल अलग-अलग ब्रांड की मदिरा जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 28 हजार 500 रुपये है। एक अन्य जांच अभियान के दौरान महाराजा ढाबा राऊ बायपास स्थित दीपश्री ढाबा की जांच की गई। उक्त कार्यवाही में कुल 17 बल्क लीटर माल्ट व 21.6 बल्क लीटर स्पिरिट जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 32 हजार 620 रुपए होना पाया गया है। ढाबा संचालकों एवं शराब पीने वालों पर आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। अभियान का उद्देश्य नववर्ष के दौरान अवैध मदिरा की बिक्री, अनियंत्रित शोर एवं अनुशासनहीन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।

# ट्राइबल स्टूडेंट्स के साथ छात्रावासों में रात को रुकेंगे अधीक्षक : शाह

**भोपाल (एजेंसी)** ● प्रदेश के जनजातीय छात्रावासों में छात्राओं की सुरक्षा और अनुशासन को लेकर सरकार ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने साफ कहा है कि जो अधीक्षक रात में छात्रावास में नहीं रुकेंगे, उन्हें अधीक्षक पद से हटाया जाएगा। सरकार छात्रावासों में ऐसी व्यवस्था लागू कर रही है, जिसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं रहेगी।

### 5228 शिक्षक बने बैठे हैं अधीक्षक

मंत्री विजय शाह ने बताया कि प्रदेश में इस समय 5 हजार 228 अधीक्षक ऐसे हैं, जो मूल रूप से शिक्षक हैं। कई अधीक्षक न तो नियमित पढ़ाते हैं और न ही छात्रावास में पूरा समय देते हैं, जिससे बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि यह स्थिति बच्चों के साथ अन्याय है। इसी को सुधारने के लिए सरकार नई अधीक्षक कैडर व्यवस्था ला रही है। योजना के तहत अगले तीन से चार वर्षों में हर साल करीब 1200 फुल-टाइम अधीक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इसके साथ ही जो शिक्षक वर्तमान में अधीक्षक के रूप में कार्यरत हैं, उन्हें वापस उनके मूल शैक्षणिक कार्य में लगाया जाएगा। आगामी शिक्षा सत्र से पहले करीब तीन हजार अधीक्षकों की व्यवस्था आउटसोर्सिंग के जरिए की जाएगी, ताकि छात्रावासों में अधीक्षक की कोई कमी न रहे।



### अधीक्षक को हॉस्टल में बच्चों के साथ रात रुकना जरूरी

छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए मंत्री ने कहा कि अब हर छात्रावास में अधीक्षक का क्वार्टर अनिवार्य होगा और अधीक्षक को रात में बच्चों के साथ ही रहना पड़ेगा। जो अधीक्षक ऐसा नहीं करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसके साथ ही संभाग स्तर पर महिला अधिकारियों की विशेष जांच टीम बनाई गई है, जो छात्रावासों में जाकर व्यवस्थाओं की जांच करेगी। यह देखा जाएगा कि बच्चे समय पर आते-जाते हैं या नहीं और छात्रावास में किसी तरह की कमी तो नहीं है।

# भाजपा का अमृत नहीं, इंदौर को मिला 'यमराज का पानी'- नगर निगम की लापरवाही से 10 मौतें!

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भाजपा शासित इंदौर नगर निगम की घोर लापरवाही अब जनसंहार का रूप ले चुकी है। भागीरथपुरा क्षेत्र में ड्रेनेज और गंदे पानी की समस्या के कारण अब तक 10 निर्दोष नागरिकों की मौत हो चुकी है तथा कई लोग गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं, लेकिन नगर निगम और जिम्मेदार अधिकारी अब भी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। जिस नगर निगम को जनता को शुद्ध पेयजल देना था, वही निगम आज जनता को मौत का पानी पिला रहा है। तथाकथित 'स्मार्ट सिटी' की हकीकत यह है कि नलों से ज़हर बह रहा है और भाजपा के जनप्रतिनिधि सिर्फ प्रचार में व्यस्त हैं। आज हालात ऐसे हैं कि इंदौर में यमराज भी कमल के साथ दिखाई दे रहे हैं।




इसी जनविरोधी लापरवाही के खिलाफ विवेक खंडेलवाल, देवेंद्र सिंह यादव एवं गिरीश जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम मुख्यालय, विभिन्न ज़ोन कार्यालयों, भागीरथपुरा एवं राजवाड़ा क्षेत्र में पोस्टर लगाकर प्रशासन को जगाने का प्रयास किया है।

# न्यूरोथेरेपिस्ट अजय मकवाना का अभिनंदन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● न्यूरोथेरेपिस्ट अजय मकवाना द्वारा न्यूरोपैथी के जनक डॉ लाजपत राय जी मेहरा जी द्वारा भारतीय वैदिक चिकित्सा पद्धति(नाड़ी मर्दन) न्यूरोथेरेपी का 1 से 31 दिसंबर 2025 एक माह का प्रशिक्षण दिए जाने एवं शिविर संपन्न होने के तत्पश्चात नीलाकाश स्कूल परिसर में अभिनंदन किया। मकवाना ने नीलाकाश योग केंद्र पर निःशुल्क उपचार के साथ प्रशिक्षण दिया और सभी साधकों शिवनारायण मिश्रा, डॉ. पी एस जांगड़े, महेश झंवर, प्रभाकर कोहेकर, ब्रजेश नागर, राम लखन पाल, मदन मंडोरे, शिवनारायण तोमर, ओके दुबे, सुरेश शर्मा आरएल पाल, कैलाश सेन, कमला देशमुख, रुचि सबरवाल, मीना कुमायूं, वंदना सिंह, अनीता यादव एवं पत्रकार राजेश यादव आदि 20 साधकों ने अनुभव बताए। डॉ. लाजपतराय मेहरा न्यूरो थेरेपी



एसोशिएसन के राष्ट्रीय संयोजक विपिन पाठक द्वारा वीडियो संदेश के माध्यम से बताया गया कि ट्रीटमेंट ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर के मार्गदर्शन में किसी भी दवाई, मशीन, दर्द एवं साइड इफेक्ट के बिना सभी प्रकार के असाध्य रोगों का शत प्रतिशत इलाज किया जाता है। इस अवसर पर जय न्यूरो थेरेपी, जय गुरुजी एवं वंदे मातरम का घोष किया।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के 4,767 रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● महिला एवं बाल विकास द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के पूर्णतः अस्थाई, मानदेय आधारित एवं मानसेवी रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2025 (फेज-2) के अंतर्गत की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र आवेदिकाएँ MP Online द्वारा विकसित 'चयन पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 1,573 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं 3,194 आंगनवाड़ी सहायिका पद, इस प्रकार कुल 4,767 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें दिसंबर 2025 तक के रिक्त पदों के साथ-साथ जनवरी से जून 2026 तक संभावित रिक्तियाँ भी सम्मिलित हैं। आवेदन की प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होकर 10 जनवरी तक चलेगी। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 12 जनवरी निर्धारित की गई है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे, ऑफलाइन आवेदनों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। निर्देशानुसार आवेदिका का उसी ग्राम अथवा नगरीय वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है, जहाँ रिक्त पद की पूर्ति की जानी है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेंडरी (12वीं उत्तीर्ण) निर्धारित की गई है। साथ ही 01 जनवरी 2025 की स्थिति में आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना आवश्यक है।

# नए वर्ष में अ.भा. अग्रवाल महासभा देशभर के बंधुओं को जोड़ेगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अभा अग्रवाल महासभा नए वर्ष में देश के समाज बंधुओं को संगठन की मुख्य धारा से जोड़ने के साथ ही आयोजनों को लेकर कई बदलाव कर रही है। इसके तहत सामाजिक सुधार को महत्त्व दिया जाएगा। कोटा में संपन्न हुए महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के कई राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री हरि अग्रवाल मालवा प्रान्त के अध्यक्ष अशोक गोयल ने अधिवेशन के लौटकर बताया कि अधिवेशन में सामाजिक सुधार की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राजेश बिरला के मुख्य आतिथ्य में इस अवसर पर समाज सेवा एवं संगठन में योगदान के लिए अशोक गोयल का सम्मान भी किया गया।

# हिंदू नाम बताकर लव जिहाद में फंसाया, आरोपी ने धर्म परिवर्तन का दबाव, मारपीट व चाकू से हमला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर महू ग्रामीण के बडगोंद में फर्जी पहचान के जरिए युवती को प्रेमजाल में फंसाकर गंभीर अपराध करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को राजा गुर्जर बताकर युवती से दोस्ती की, बाद में आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए, फिर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला और विरोध करने पर बेरहमी से मारपीट व चाकू से हमला किया। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब डेढ़ साल पहले वह टोकखुर्द मार्केट गई थी, तभी एक व्यक्ति उसके पास आया और खुद को राजा गुर्जर बताकर बातचीत शुरू की। आरोपी लगातार संपर्क में रहा और धीरे-धीरे उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। एक दिन आरोपी ने शादी की बात कही, लेकिन पीड़िता ने उसे ठीक से न जानने का हवाला देकर मना कर दिया।

# हाई स्कूल स्तर पर आयोजित गणित एवं विज्ञान विषय में ओलंपियाड परीक्षा परिणाम घोषित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा हाई स्कूल स्तर पर गणित एवं विज्ञान विषय आधारित ओलंपियाड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये गये हैं। प्रदेश में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों की गणित एवं विज्ञान विषय में रूचि संवर्द्धन की दृष्टि से शिक्षण सत्र 2025-26 में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा का पहला चरण 7 दिसम्बर को सम्पन्न हुआ। यह परीक्षा विकासखंड स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 70 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया गया था। ओलंपियाड की द्वितीय चरण की परीक्षा संभाग स्तर पर 28 दिसम्बर को हुई थी। संभाग स्तर पर प्रत्येक विषय में ऐसे विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिन्होंने विकासखंड स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया था। संभाग स्तर पर गणित विषय में कुल 373 और विज्ञान विषय में 395 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा से संभाग स्तर पर परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर ओलंपियाड़ विजेता के लिये चयन किया गया है। पुरस्कार स्वरूप प्रथम पुरस्कार के लिये 51 हजार रूपये, द्वितीय के लिये 31 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार के लिये 21 हजार रूपये और सांतवना पुरस्कार स्वरूप 2-2 छात्रों 11-11 हजार रूपये की राशि दी गई है।

**विज्ञान पुरस्कार** - विज्ञान विषय में पहला पुरस्कार अलीराजपुर जिले के भाभरा बलॉक के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल सेजवारा के परेश गनावा और सतना जिले के नागोद ब्लॉक के शासकीय बालक हायर सेकण्डरी स्कूल के दर्श त्रिपाठी को संयुक्त रूप से दिया गया है।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# मुंबई इंडियन्स ने डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले क्रिस्टन बीम्स को बनाया स्पिन गेंदबाजी कोच

**नई दिल्ली (एजेंसी) •** महिला प्रीमियर लीग 2026 की तैयारियों में जुटी गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स ने अपने कोचिंग स्टाफ में अहम बदलाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूर्व लेग स्पिनर क्रिस्टन बीम्स को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और कोचिंग के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाली बीम्स की एंट्री से मुंबई इंडियन्स की महिला टीम को स्पिन विभाग में मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बीम्स ऑस्ट्रेलिया के कई बड़े आईसीसी टूर्नामेंट अभियानों का हिस्सा रह चुकी हैं और 2017 महिला एकदिवसीय विश्व कप में वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर रही थीं।



क्रिस्टन बीम्स का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही ज्यादा लंबा न रहा हो, लेकिन वह अपनी निरंतरता और क्रिकेट की समझ के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए एक टेस्ट मैच खेला, जिसमें 11 ओवर की गेंदबाजी करने के बावजूद उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इसके अलावा उन्होंने 30 महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 42 विकेट अपने नाम किए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 15 रन देकर चार विकेट रहा। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी बीम्स का योगदान अहम रहा, जहां उन्होंने 18 मैचों में 20 विकेट लिए और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 11 रन देकर तीन विकेट का रहा। घरेलू स्तर पर उन्होंने महिला बिग बैश लीग में 45 टी20 मुकाबले खेले और अपनी उपयोगिता साबित की। खेल से संन्यास लेने के बाद बीम्स ने कोचिंग में खुद को स्थापित किया। वह महिला बिग बैश लीग और द हंड्रेड जैसे बड़े टूर्नामेंट में कोचिंग की जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। इसके अलावा वह ऑस्ट्रेलिया की महिला अंडर-19 टीम की कोच रह चुकी हैं और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में नेशनल डेवलपमेंट लीड की भूमिका भी निभा चुकी हैं। क्रिकेट तस्मानिया में कम्युनिटी क्रिकेट मैनेजर के रूप में काम कर चुकी बीम्स अब मुंबई इंडियन्स के साथ अपने अनुभव का इस्तेमाल करेंगी। डब्ल्यूपीएल का चौथा सत्र नौ जनवरी से पांच फरवरी तक खेला जाएगा, और इससे पहले बीम्स की नियुक्ति को मुंबई इंडियन्स की खिताब बचाने की रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

# फिल्म 'टॉक्सिक' से नयनतारा का पहला लुक रिलीज

**मुंबई (एजेंसी) •** यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक, ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स से अभिनेत्री नयनतारा का पहला लुक रिलीज हो गया है। फिल्म टॉक्सिक, ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स से नयनतारा का गंगा वाला जबरदस्त पोस्टर रिलीज़ कर दिया गया है।गंगा के रूप में नयनतारा का लुक विज़ुअली स्टनिंग है।निर्भीक, निडर और पूरी तरह कंट्रोल में। स्क्रीन पर उनकी कमांडिंग मौजूदगी, हाथ में बंदूक और चेहरा पूरी तरह कॉन्फिडेंस से भरा हुआ एक साथ एलीगेंट भी और खतरनाक भी। निर्देशक गीतू मोहनदास ने नयनतारा को कास्ट करने पर कहा, 'हम सब नयन को उनकी स्ट्रॉन्ग स्क्रीन प्रेज़ेंस और शानदार करियर के लिए जानते हैं, लेकिन टॉक्सिक में दर्शक एक ऐसी नयन देखेंगे जो बस फटने को तैयार थी।



# नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में 19 निशानेबाजों ने किया इंडिया टीम के लिए क्वालीफाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) के 68वें आयोजन में इंदौर की वीर रायफल शूटिंग सोसायटी के 19 निशानेबाजों ने भाग लेकर इंडिया टीम चयन ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया। पिस्टल एवं रायफल स्पर्धा के लिए सोसायटी के 19 निशानेबाज खिलाड़ी शामिल हुए और सबने इंडिया टीम के लिए क्वालीफाई किया, यह अपनेआप में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। सोसायटी के कोच सतीश शर्मा ने बताया कि नई दिल्ली में पिस्टल स्पर्धा और भोपाल में रायफल स्पर्धाएं आयोजित की गई, जिनमें सेना, बीएसएफ, आरपीएफ एवं अन्य सुरक्षा बलों के करीब 20 हजार खिलाड़ियों ने सहभागिता की। नई दिल्ली में हुई पिस्टल स्पर्धा में सोसायटी के वीर हंस शर्मा, प्रियांशी जोशी एवं शोखी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडिया टीम चयन ट्रायल के लिए



क्वालीफाई कर लिया। इसी तरह भोपाल में आयोजित रायफल स्पर्धा में राशिका भदौरिया, किंजल अहिरवार, अंशिका सूर्यवंशी एवं अथर्व मालवीय ने 10 मीटर एयर रायफल में इंडिया टीम चयन ट्रायल हेतु जगह बनाई जबकि सत्यम चौहान ने 50 मीटर रायफल प्रोन स्पर्धा में चयन के लिए क्वालीफाई किया। प्रद्युम्न कुमार, श्रेयांश और अन्य निशानेबाजों ने भी क्वालीफाई किया। सोसायटी के कोच सतीश शर्मा ने सभी निशानेबाजों को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन का संकल्प व्यक्त किया।

# अंतर्राष्ट्रीय रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन हरदा में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट का भव्य आयोजन हरदा जिले में होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हरदा जिला शतरंज संगठन के तत्वाधान में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुरूप संपन्न होगा, जिसमें देश-प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों के ख्याति प्राप्त और रेटेड खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। इस टूर्नामेंट की तिथि शतरंज फेडरेशन द्वारा 24 जनवरी शनिवार निर्धारित की गई है। यह टूर्नामेंट कलेक्टर निवास के सामने, इंदौर रोड हरदा डिग्री कॉलेज में होगा, जिसमें देश-विदेश के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को समर्पित रहेगा। इसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले एवं आसपास के विद्यालयों और महाविद्यालयों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित किया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों के खेल स्तर को बेहतर बनाने हेतु पूर्व में प्रशिक्षण-सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। शतरंज के शौकीनों और खिलाड़ियों के लिए यह एक बेहतरीन मौका है, जहां वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। टूर्नामेंट में कुल एक लाख 51 हजार रुपये की इनामी राशि और ट्रॉफियां रखी गई है। यह एक रेपिड टूर्नामेंट होगा, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को 15 मिनट और प्रति चाल 5 सेकंड का अतिरिक्त समय मिलेगा। टूर्नामेंट के लिये ओपन श्रेणी हेतु 750 रुपये तथा हरदा के स्थानीय खिलाड़ियों के लिये 500 रूपये एन्ट्री फीस निर्धारित की गई है।

# कृति खरबंदा के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट



**मुंबई (एजेंसी) •** अभिनेत्री कृति खरबंदा ने एक गंभीर साइबर धोखाधड़ी के मामले को उजागर करते हुए अपने फॉलोअर्स को सतर्क रहने की अपील की है। अभिनेत्री ने बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति व्हाट्सएप पर उनके नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों से संपर्क कर रहा है। इस पहचान की चोरी की जानकारी कृति ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए सार्वजनिक की, जिससे उनके फैंस के बीच हलचल मच गई। कृति खरबंदा ने संदिग्ध व्हाट्सएप चैट का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए साफ शब्दों में कहा कि वह नंबर उनका नहीं है। पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'यह ठीक नहीं है। यह बिल्कुल भी सही नहीं है। यह मेरा नंबर नहीं है। किसी और की पहचान बनकर सामने आना साफ तौर पर पहचान की चोरी है। कृपया सतर्क रहें।' अभिनेत्री की इस चेतावनी का मकसद लोगों को संभावित ऑनलाइन ठगी से बचाना है, क्योंकि अक्सर ऐसे फर्जी अकाउंट्स का इस्तेमाल लोगों को गुमराह करने, निजी जानकारी हासिल करने या पैसों की ठगी के लिए किया जाता है।

## उज्जैन संभाग

# 6 दिन में 11.89 लाख श्रद्धालु महाकाल मंदिर पहुंचे, 25 दिसंबर को सबसे ज्यादा 2.57 लाख आए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** श्री महाकालेश्वर मंदिर में क्रिसमस की छुट्टी, लगातार वीकेंड और नए साल की आहट के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। 25 से 30 दिसंबर के बीच मात्र 6 दिनों में 11 लाख 89 हजार 740 से अधिक भक्तों ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। मंदिर प्रबंधन से जारी आंकड़ों के अनुसार, 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी के कारण सर्वाधिक 2 लाख 57 हजार 902 श्रद्धालु पहुंचे। इसके बाद श्रद्धालुओं को संख्या कम होती गई। 30 दिसंबर को 1.66 लाख श्रद्धालु ही महाकाल मंदिर पहुंचे जो कि क्रिसमस के दिन से करीब 91 हजार कम थे। हालांकि क्रिसमस की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने नई व्यवस्था की थी जिसमें श्रद्धालुओं को एंट्री करीब डेढ़ किमी दूर चारधाम मंदिर से मिल रही है। जबकि अभी भीड़ इतनी नहीं है। जितना मंदिर समिति सोच रही थी।

मंदिर प्रबंधन के अनुसार, श्रद्धालुओं का आगमन अभी भी जारी है। बड़ी संख्या में भक्त नए साल की शुरुआत भगवान महाकाल के दर्शन के साथ करना चाहते हैं, जिसके चलते देश के विभिन्न हिस्सों से लोग उज्जैन पहुंच रहे हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति ने दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए हैं। इसमें जगह-जगह बैरिकेडिंग, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और कतार व्यवस्था का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

महाकाल मंदिर के साथ-साथ हरसिद्धि, काल भैरव और रामघाट जैसे अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। पूरे शहर में इन दिनों एक धार्मिक माहौल देखा जा रहा है। मंदिर समिति का अनुमान है कि नववर्ष पर लगभग 2 लाख श्रद्धालु उज्जैन में दर्शन के लिए पहुंच सकते हैं।



# नुसरत भरुचा के महाकाल दर्शन पर भड़के मौलाना, शरीयत की नजर में गुनहगार है

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरुचा के महाकाल मंदिर दर्शन करने पर विवाद खड़ा हो गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा, नुसरत ने उज्जैन मंदिर में धार्मिक परंपरा निभाई, जल चढ़ाया, यह तमाम चीजें इस्लाम के खिलाफ हैं। शरीयत की नजर में नुसरत गुनहगार हैं, उनको तौबा करनी चाहिए। सोनू के टीटू की स्वीटी, प्यार का पंचनामा, ड्रीम गर्ल जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाली प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री नुसरत भरुचा मंगलवार को महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में शामिल हुई थीं। इस दौरान नुसरत ने जल अर्पित कर भगवान महाकाल का प्रसाद ग्रहण किया। इधर, मौलाना के नुसरत को इस्लाम धर्म का पाठ पढ़ाने से उज्जैन के कई संत नाराज हो गए हैं। उन्होंने नुसरत के महाकाल मंदिर के दर्शन करने को गंगा जमुना तहजीब और घर वापसी बताकर मौलाना को ऐसे मामले से दूर रहने की सलाह दी है।

**नुसरत को पश्चाताप करना चाहिए** - मौलाना रजवी ने कहा, एक मुस्लिम महिला का मंदिर जाना और धार्मिक अनुष्ठान करना शरीयत और इस्लाम के खिलाफ है। मुस्लिम होने के नाते, महाकाल मंदिर में जल अर्पित कर और धार्मिक परंपराओं का पालन कर नुसरत इस्लाम के सिद्धांतों का



उल्लंघन कर रही हैं, उन्हें पश्चाताप करना चाहिए।

**नुसरत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी** - दाऊदी बोहरा समाज से आने वाली नुसरत ने अब तक इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि नुसरत ने महाकाल मंदिर दर्शन के दौरान बताया था कि वे दूसरी बार आई हैं और आगे भी आएंगी। नुसरत ने खुद अपनी यात्रा को शांतिपूर्ण और सकारात्मक अनुभव बताया है और मंदिर की व्यवस्था की तारीफ भी की। महंत विशाल दास ने कहा, कोई व्यक्ति स्वेच्छा से घर वापसी कर रहा है तो मौलवी के पेट क्यों दुख रहा है। लड़कियां जलालत भरी जिंदगी से बाहर निकल रही है और महाकाल के दर्शन कर वहां शीश झुका रही हैं, तो आपको गर्व होना चाहिए। ऐसे मौलवी को हिदायत किसी को धर्म सौंपने की कोशिश नहीं करें, नहीं तो महाकाल बैठे हैं अपने त्रिशूल को लेकर, मौलाना अपनी बयानबाजी बंद करें।

# 9 साल से बन रही पंवासा मल्टी के 3 ब्लॉक खंडहर, मंछामन मल्टी का अटका काम शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** शहर में सालों से अटकी दो प्रमुख आवासीय परियोजनाएं पंवासा और मंछामन मल्टी अब अपने अंतिम चरण की तरफ बढ़ती नजर आ रही हैं। अलग-अलग कारणों से लंबे समय तक अधर में लटकी होने से 400 से ज्यादा परिवारों का घर का सपना अधूरा था। अब निगम द्वारा दोनों ही परियोजनाओं को पूरा किया जा रहा है, जिससे 2026 तक इन मल्टी के पूरे होने की उम्मीद जताई जा रही है। मंछामन मल्टी के 288 हितग्राहियों और 15 दुकानदारों को सालों बाद आवास और दुकान मिलेंगे। पंवासा मल्टी में 200 से अधिक लोगों को मकान मिल सकेंगे। लंबे इंतजार, शिकायतों और अड़चनों के बाद अब निर्माण और मरम्मत कार्य फिर से शुरू होने से हितग्राहियों में उम्मीद जगी हैं कि आने वाले साल में वे अपने नए घरों में शिफ्ट हो सकेंगे।

**पंवासा मल्टी :** अवैध कब्जे और अधूरे निर्माण बने बड़ी बाधा पंवासा मल्टी पर वर्षों से अवैध कब्जों के कारण मामला उलझा रहा। हाल ही में निगम ने कार्रवाई करते हुए 40 से अधिक फ्लैट्स को कब्जे से मुक्त कर स्वामित्व में लिया। मल्टी में कुल 8 ब्लॉक हैं, जिनमें से 3 ब्लॉक पिछले 9 वर्षों से अधूरे पड़े हैं और खंडहर होते जा रहे हैं। इन ब्लॉकों में दरवाजे-खिड़की, बिजली कनेक्शन जैसे बुनियादी कार्य भी नहीं हो पाए। निगम ने अब इन अधूरे ब्लॉकों की मरम्मत व अन्य व्यवस्थाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक-दो माह में प्रक्रिया पूरी होने के बाद सुधार कार्य शुरू होगा। अतिक्रमण हटने और मरम्मत के बाद यहां 200 से अधिक लोगों को आवास मिलने की संभावना है।

# पहली बार गूगल मैप से क्राउड मैनेजमेंट, भीड़ भरे रास्ते को ब्लॉक कर दिखा रहे वैकल्पिक रूट; सीधे पार्किंग तक पहुंच रहे श्रद्धालु

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** महाकाल मंदिर में लगातार उमड़ रही भीड़ की वजह से उज्जैन पुलिस ने क्राउड मैनेजमेंट का सिस्टम अपनाया है। - महाकाल मंदिर में लगातार उमड़ रही भीड़ की वजह से उज्जैन पुलिस ने क्राउड मैनेजमेंट का सिस्टम अपनाया है। 2025 की विदाई और 2026 के स्वागत के लिए उज्जैन में लगातार भीड़ उमड़ रही है। गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश सहित मध्य प्रदेश के अलग-अलग शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। स्थानीय प्रशासन का दावा है कि उज्जैन में प्रतिदिन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु आ रहे हैं। सामान्य दिनों में रोजाना करीब 6 हजार फोर व्हीलर वाहन उज्जैन आते हैं। फिलहाल, यह संख्या बढ़कर 12 हजार तक पहुंच गई है। ऐसे में जाम की स्थिति से बचने के लिए पहली बार उज्जैन पुलिस ने गूगल मैप में तकनीकी बदलाव कर हाईटेक क्राउड मैनेजमेंट शुरू किया है।

पुलिस ने गूगल मैप के जरिए हैवी ट्रैफिक वाले रूट को ब्लॉक कर मंदिर की ओर आने वाली भीड़ को शहर के भीतर प्रवेश करने से रोका है। इसके लिए गुरुग्राम की इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कंपनी, साइबर टीम और पुलिस के 10 सदस्यों की संयुक्त टीम ने गूगल के एल्गोरिदम में बदलाव किया है। यह टीम किसी भी सड़क पर जाम की स्थिति बनते ही तत्काल उस मार्ग को गूगल मैप से ब्लॉक कर देती है और वैकल्पिक खाली मार्ग को सक्रिय कर देती है। इससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को शहर के भीतर जाने का मार्ग दिखाई नहीं देता और वे सीधे निर्धारित पार्किंग तक पहुंच जाते हैं। सीनियर अफसरों का कहना है कि यदि यह योजना पूरी तरह सफल रहती है, तो सिंहस्थ 2028 में भी इसे लागू किया जा सकता है।

## मैप पर वही रूट दिखता है, जो पुलिस तय करती है

सीएसपी राहुल देशमुख ने कहा- चार धाम स्मार्ट पार्किंग और हरसिद्धि मंदिर की पाल के पास बनी पार्किंग महाकाल मंदिर के सबसे नजदीक हैं। यहां देशभर से आने वाले श्रद्धालु गूगल मैप के जरिए भीड़भाड़ वाले इलाकों से शहर में प्रवेश कर जाते थे, जिससे जाम की स्थिति बनती थी। इससे बचने के लिए तकनीकी डेटा का उपयोग कर वाहनों को भीड़भाड़ वाले मार्गों पर जाने से रोक दिया जाता है। गूगल मैप पर श्रद्धालुओं को वही डेडिकेटेड रूट दिखाया जाता है, जो उन्हें संकरे रास्तों और शहर के अंदरूनी क्षेत्रों से बचाते हुए सीधे बाहरी मार्गों से पार्किंग तक पहुंचाता है। इस प्रक्रिया पर यातायात और साइबर टीम लगातार काम कर रही है।

## आईटी कंपनी के साथ रियल टाइम ट्रैफिक की निगरानी

सीएसपी देशमुख ने बताया- पुलिस की 10 सदस्यीय टीम सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक रियल टाइम ट्रैफिक की निगरानी करती है। जिस मार्ग पर यातायात बढ़ता है या जाम की स्थिति बनती है, उसे तुरंत डायवर्ट कर दिया जाता है। इसके बाद गूगल मैप पर उस रूट को हटा दिया जाता है और श्रद्धालुओं को केवल वही वैकल्पिक मार्ग दिखाया जाता है, जिससे वे सीधे पार्किंग तक पहुंच सकें। इसके लिए गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी को हायर किया है। यह कंपनी गूगल के एल्गोरिदम के जरिए केवल खाली रूट को ही दिखाती है। रियल टाइम में बदल रहे रूट, सीधे पार्किंग तक पहुंच रहे वाहन सीएसपी देशमुख ने बताया कि डेडिकेटेड टीम द्वारा रियल टाइम में रूट बदले जा रहे हैं। गूगल मैप की सहायता से महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु पुलिस के बताए रास्तों से सीधे पार्किंग तक पहुंच रहे हैं, वह भी बिना शहर में प्रवेश किए। मंदिर के आसपास के मुख्य क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के वाहन और दुकानों को सड़कों पर लगाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### जम्मू जाने वाली इंडिगो फ्लाइट में यात्री ने की बदतमीजी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर एयरपोर्ट पर एक बार फिर क्रू मेंबर युवती के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने सिक्योरिटी इंचार्ज की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। बताया जा रहा है कि यह घटना बुधवार को जम्मू जाने वाली फ्लाइट में हुई। एरोड्रम पुलिस के अनुसार शिवम सांखला निवासी महू की शिकायत पर नरेश कुमार पुत्र फकीर चंद निवासी भद्रकला गांव, जम्मू के खिलाफ क्रू मेंबर से अभद्रता करने का मामला दर्ज किया गया है। शिवम सांखला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि यह घटना देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर की इंडिगो फ्लाइट नंबर 6331 (इंदौर-जम्मू) की है, जो सुबह इंदौर एयरपोर्ट से जम्मू के लिए रवाना होती है। शिवम सांखला एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी इंचार्ज के रूप में ड्यूटी पर थे। उनके अनुसार, फ्लाइट में तैनात क्रू मेंबर आकांक्षा डोगरा ने आकर उन्हें सूचना दी कि सीट नंबर 12-ए पर बैठे यात्री नरेश कुमार शराब के नशे में सीट पर बैठी यात्री अंकिता दास के साथ बदतमीजी कर रहा था। जब क्रू मेंबर ने नरेश कुमार को समझाने का प्रयास किया तो उसने क्रू मेंबर के साथ भी अभद्रता की और अपशब्द कहे।

### फ्लाइट में यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर से मुंबई जा रही इंडिगो फ्लाइट 6E-6002 में यात्रियों और क्रू मेंबर के बीच विवाद हुआ। फ्लाइट सोमवार रात 9.15 बजे लगभग दो घंटे लेट थी। सीट 29-ए पर बैठे सुनील सिंह (बरवाला, हिसार) बार-बार गालियां दे रहे थे और क्रू मेंबर याशी सांगवान व रिया आर्या की चेतावनी के बावजूद शांत नहीं हुए। गुस्साए यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने का प्रयास किया। एरोड्रम पुलिस ने शिकायत पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की, लेकिन नोटिस देकर छोड़ दिया।

# कांग्रेस का मास कनेक्ट प्रोग्राम, गांवों में जाएंगे नेता, वहीं रात रुकेंगे

## मप्र कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा, फरवरी में होगा राज्य स्तरीय सम्मेलन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भौपाल** ● मप्र कांग्रेस कमेटी की विस्तृत प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला व शहर कांग्रेस अध्यक्षों को 30 दिसंबर तक मंडलम और सेक्टर का गठन करने को कहा गया। बैठक में मास कनेक्ट प्रोग्राम शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस प्रोग्राम के तहत पार्टी के बड़े नेता गांवों में पोलिंग बूथों पर जाएंगे। वहां पदयात्रा करेंगे, गांवों में रात रुकेंगे और दरबार लगाएंगे। साथ ही फरवरी में पार्टी कार्यकर्ताओं का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पत्रकारों से चर्चा में बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि एसआईआर (स्पेशल इंटेसिव रिवीजन) की प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं रही है और इसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन वर्ष 2026 में प्रदेश स्तर से लेकर ग्राम एवं वार्ड स्तर तक पूरी क्षमता, मजबूती और प्रतिबद्धता के साथ सक्रिय रहकर जनहित के मुद्दों को पूरी ताकत से उठाएगा।

**गांव चलो-बूथ चलो अभियान चलेगा**-प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि नए वर्ष की




शुरुआत में एक जनवरी से लेकर 15 फरवरी तक सभी जिलों में पंचायत कमेटी, वार्ड कमेटी एवं मंडल स्तर तक संगठन का नए सिरे से गठन पूरा कर लिया जाएगा। यह अभियान संगठनात्मक मजबूती एवं आमजन से सीधे संवाद स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम होगा। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क को मजबूत करने, मताधिकार की रक्षा करने, संगठन को सशक्त बनाने एवं भाजपा के कुशासन के अंत के लिए कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में गांव चलो-बूथ चलो अभियान चलाएगी। यह अभियान प्रदेश के प्रत्येक गांव और प्रत्येक बूथ तक कांग्रेस की विचारधारा, संघर्ष और जनहित के मुद्दों को पहुंचाने का कार्य करेगा। इस अभियान की रणनीति एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश स्तरीय एवं संभाग स्तरीय समितियों का गठन दो से तीन दिनों में कर दिया जाएगा। ये समितियां अभियान की योजना, निगरानी एवं जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की पूरी जिम्मेदारी निभाएंगी। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश कांग्रेस के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब एक साथ 71 जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति पूरी तरह संगठनात्मक प्रक्रिया के माध्यम से की गई है। बैठक में में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंधार सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, सीईसी सदस्य ओमकार मरकाम, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह समेत बड़ी संख्या में संगठन पदाधिकारी और विधायक मौजूद थे।

# नए साल में इंदौर को मिलेगी मेट्रो ट्रेन के विस्तार और ब्रिजों की सौगात

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के लिए वर्ष 2026 कई सौगातें लेकर आएगा। सबसे महत्वपूर्ण सौगात मेट्रो ट्रेन के विस्तार की होगी। इसके अलावा प्रदेश का पहला डबल डेकर ब्रिज भी बनकर इस साल तैयार हो जाएगा। कई अन्य विकास कार्य भी इंदौर के हिस्से आएंगे। बीते साल में इंदौर में कई विकास के काम शुरू हुए, लेकिन वे अंजाम तक नहीं पहुंच सके, लेकिन नए साल में जनता के लिए वे उपयोगी साबित होंगे।

मेट्रो फिलहाल छह किलोमीटर के हिस्से में चल रही है, लेकिन वहां मेट्रो को यात्री नहीं मिल रहे हैं। मार्च माह तक मेट्रो का संचालन गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक होगा। इसके बाद मेट्रो ट्रेन में यात्री संख्या बढ़ सकती है। 17 किलोमीटर लंबाई के लिए ट्रायल रन हो चुका है। अब इसकी मंजूरी जल्दी ही मिलने वाली है। पांच स्टेशनों का काम भी पूर्णता की ओर है। इस साल मध्य हिस्से का काम भी शुरू होना है।

शहर में सात स्थानों पर ब्रिजों का निर्माण जारी है। इस साल एमआर 10 जंक्शन पर बनने वाले ब्रिज का काम पूरा हो जाएगा। अभी इंदौर शहर में एंट्री के लिए काफी परेशानी आती है। इसके अलावा लवकुश चौराहे पर बन रहे डबल डेकर ब्रिज की सौगात भी इस साल मिलेगी। ब्रिज का काम दो साल



से चल रहा है। निरंजनपुर चौराहे पर बनने वाले ब्रिज का काम भी नए साल में पूरा हो जाएगा।

नगर निगम जलूद में 60 मेगावाट का सोलर प्लांट तैयार करवा रहा है। यह काम पूरा हो चुका है और लाइनों को शिफ्ट करने का काम जारी है। हर माह 20 करोड़ रुपये निगम को जलूद से इंदौर तक पानी लाने के लिए खर्च करने पड़ते हैं। सोलर प्लांट के शुरू होने से हर माह चार से पांच करोड़ रुपये की बिजली बचेगी। 200 एकड़ में यह प्लांट बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम ने ग्रीन बांड जारी कर ढाई सौ करोड़ रुपये की राशि जुटाई है।

इंदौर-उज्जैन रोड का काम भी इस साल तक पूरा होने की उम्मीद है। काम तेजी से चल रहा है। सिंहस्थ को देखते हुए छह लेन सड़क बनाई जा रही है। इसके अलावा एमआर 12 सड़क भी बनकर तैयार हो जाएगी। शहर में मास्टर प्लान की 23 सड़कों का काम शुरू हुआ है। इस साल सात सड़कें बनकर तैयार हो जाएंगी।

### इंदौर में 20 नए आधुनिक बस स्टॉपों की सौगात

इंदौर में नगर निगम ने 20 नए बस स्टॉपों का निर्माण शुरू किया है। पुराने बस स्टॉप पर लोगों को बैठने, रुकने और जानकारी प्राप्त करने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, वहीं अब इन नए बस स्टॉप पर अत्याधुनिक डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। आने वाले समय में शहर के अन्य मार्गों पर भी पुराने बस स्टॉपों के स्थान पर नए बस स्टॉप बनाए जाएंगे। इंदौर में सिटी बसों के संचालन के समय 20 वर्ष पहले बस स्टॉपों का निर्माण किया गया था। शहर में लगभग 350 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। एक वर्ष में 200 नवीन सिटी बस स्टॉप तैयार किए जाने का लक्ष्य है। नए बस स्टॉपों में पैसेंजर इनफॉर्मेशन सिस्टम रहेगा। इससे रूट मैप की जानकारी रहेगी और इमरजेंसी कांटेक्ट नंबर भी डिस्प्ले होते रहेंगे। स्टॉपों पर सीसीटीवी कैमरे रहेंगे। इसके अलावा यात्री अपने मोबाइल भी चार्ज कर सकेंगे। हर स्टॉप पर दो मोबाइल चार्जिंग पॉइंट रहेंगे। इसके अलावा आरामदायक सीटें रहेंगी। बारिश के समय भी बस स्टॉप मददगार होंगे।

# प्रदेश के 52 हजार किसानों के खेत अब लहलहाएंगे सोलर पंप से

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में किये जा रहे अनेक कल्याणकारी कार्यों से प्रदेश में अन्न उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है। किसानों को खेती के लिये खाद बीज की सहज उपलब्धता के साथ सिंचाई के संसाधन भी उपलब्ध कराये जा रहे है। इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए प्रदेश में 52 हजार किसानों के खेत में सोलर पंप स्थापित करने की योजना प्रारंभ की गई है। सोलर पंप स्थापित हो जाने से अब प्रदेश का किसान अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस अभिनव पहल के तहत 34 हजार 600 इकाइयों को लेटर ऑफ अवार्ड जारी कर 33 हजार कार्यदेश जारी किए जा चुके हैं। किसान के खेत में सोलर पम्प स्थापित होने से अब उन्हें विद्युत प्रदाय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। बिजली बिल पर व्यय होने वाली यह राशि अब उनके पास बचत के रूप में रहेगी। इसके अतिरिक्त सोलर पम्प से उत्पादित अतिरिक्त ऊर्जा को किसान सरकार को बेच कर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकेंगे। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा लगातार किसानों को सोलर प्रोजेक्ट लगाने के लिए विभिन्न योजनाओं में लाभ प्रदान कर सक्षम बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 52 हजार किसानों



के खेतों में सोलर पम्प लगाने का अभिनव नवाचार किया है, प्रदेश में प्रधानमंत्री कुसुम (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) योजना के द्वारा किसानों के लिये ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। केन्द्र सरकार की इस योजना को प्रदेश में 'प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना' के नाम से संचालित किया जा रहा है। इसमें (कुसुम-ब) कृषकों के यहां ऑफ ग्रिड सोलर पम्पों की स्थापना की जाती है। योजना में किसानों को 1 एच.पी. से 7.5 एच.पी. तक क्षमता के पम्प पर 90 प्रतिशत सब्सिडी (अनुदान) दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इसमें सभी वर्ग को समान सब्सिडी (अनुदान) प्रदान की जाती है। योजनांतर्गत 1 से 7.5 हार्सपावर तक के सोलर पंप की बेंचमार्क लागत का 30 प्रतिशत अनुदान भारत सरकार द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। सोलर पंप की वास्तविक लागत का लगभग 10 प्रतिशत कृषक अंशदान व लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा कृषक ऋण राशि के रूप में लिया जाने का प्रावधान किया गया है, जिसका ब्याज सहित भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

# मंदिरों में शाम से ही भीड़, होटल और पब भी फुल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● स्वच्छता में सिरमौर और 'मिनी मुंबई' कहे जाने वाले इंदौर शहर में नए साल 2026 के स्वागत की तैयारियां अपने चरम पर हैं। जहां एक ओर शहर के युवाओं में जश्न को लेकर भारी उत्साह है, वहीं इंदौर पुलिस ने हुड़दंगियों से निपटने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'लोहे की दीवार' खड़ी कर दी है। खजराना गणेश मंदिर, पितृ पर्वत और रणजीत हनुमान जैसे प्रमुख मंदिरों में भारी भीड़ है और विभिन्न क्षेत्रों में बने धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों पर भी शाम से लोगों का तांता लगा हुआ है। खजराना मंदिर में नए साल पर दो लाख से अधिक भक्तों के पहुंचने की उम्मीद है। रात 11 बजे के बाद दर्शन बंद हो जाएंगे और कल सुबह 4 बजे से फिर दर्शन शुरू होंगे।

शहर के प्रमुख होटलों, बायपास स्थित रिसॉर्ट्स और पबों में युवाओं के लिए विशेष आयोजन किए गए हैं। इस बार

### पुलिस कर रही हर चौराहे पर चेकिंग



'जंगल लालटेन फेस्टिवल' और 'जंगल म्यूजिक फेस्ट' जैसे अनूठे थीम आधारित इवेंट्स युवाओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शहर के बाहरी इलाकों में स्थित फार्महाउसेस पर कैंपिंग और अलाव के साथ लाइव म्यूजिक का आनंद लिया जा रहा है। पुलिस ने पब और क्लब संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे क्षमता से अधिक लोगों को प्रवेश न दें और महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'फीमेल बाउंसर' की तैनाती अनिवार्य रूप से करें।

इंदौर की पहचान 56 दुकान और सराफा चौपाटी पर शाम से ही भारी भीड़ देखी जा रही है। इस वर्ष 56 दुकान व्यापारी एसोसिएशन ने एक अनूठी पहल की है। व्यापारियों ने निर्णय लिया है कि वे अनावश्यक सजावट और हंगामे के बजाय नए साल का बड़ा उत्सव 22 जनवरी (राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ) पर मनाएंगे। हालांकि, इंदौरी जायके का लुत्फ उठाने वालों के लिए दुकानें खुली हैं। रात 12 बजे के बाद भी सराफा में चटोरों की भीड़ जुटने की उम्मीद है, जिसे देखते हुए यहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

नए साल के पहले दिन यानी 1 जनवरी को इंदौरवासियों ने धार्मिक स्थलों की ओर रुख करने का प्लान बनाया है। खजराना गणेश मंदिर में दर्शन का समय सुबह 4 बजे से शुरू होगा। भारी भीड़ को देखते हुए 'जिग-जैग' रेलिंग और अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। मांडू, महेश्वर, और पातालपानी जैसे नजदीकी पिकनिक स्पॉट के लिए हजारों की संख्या में बुकिंग हो चुकी है। कई परिवार नए साल का पहला दिन उज्जैन के महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर आध्यात्मिक रूप से मनाना चाह रहे हैं।

### पुलिस की चेतावनी: 'कोशिश करें आप हमारे मेहमान न बनें'

इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में 500 से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर जारी कर सख्त लहजे में चेतावनी दी है 'कोशिश करें आप हमारे मेहमान न बनें'। शहर के 150 से अधिक पॉइंट पर 'ब्रीथ एनालाइजर' के साथ चेकिंग की जा रही है। नशे में गाड़ी चलाने वालों की गाड़ियां जब्त की जा रही हैं। भंवरकुआं, विजय नगर और पलासिया जैसे संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से भीड़ पर नजर रखी जा रही है। 'पिंक पेट्रोल' की टीमें पूरे शहर में गश्त कर रही हैं ताकि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता न हो।

# 30 अप्रैल तक शिक्षकों को छुट्टियां नहीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● एमपी बोर्ड की परीक्षाएं फरवरी में शुरू होना हैं। राज्य सरकार ने इसे आवश्यक सेवा घोषित करते हुए इसमें एसेंशियल सर्विस एंड मेंटेनेंस (एस्मा) लागू किया है। अब 3 महीने शिक्षक छुट्टियां नहीं ले पाएंगे। इस दौरान संतानपालन अवकाश भी निरस्त माना जाएगा।

इस शैक्षणिक सत्र में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं एक महीना पहले 7 फरवरी से शुरू हो रही हैं, जिसके चलते परीक्षा संचालनालय, पर्यवेक्षण, उत्तर पुस्तिकाओं का प्रबंध, मूल्यांकन, परीक्षा केंद्रों का निर्धारण आदि कई विशेष कार्यों के लिए अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विवाद निवारण अधिनियम के तहत शिक्षकों के सभी अवकाश निरस्त करते हुए उन्हें 1 फरवरी से 30 अप्रैल तक




अवकाश नहीं मिलेंगे, यानी शिक्षकों की छुट्टियां निरस्त रहेंगी। दरअसल शिक्षा विभाग में परीक्षा संबंधी कार्यों के लिए अलग-अलग पदों पर जवाबदारियां दी जाती हैं, जिससे अनेक जिलों में शिक्षक बचने की कोशिश में रहते हैं। इसलिए भोपाल से इस प्रकार का आदेश निकाला गया है। शीतकालीन अवकाश सभी सरकारी स्कूलों में शुरू हो गया है, जो 4 जनवरी तक जारी रहेगा। इसके बाद 5 जनवरी से प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी।

# साल 2025 में एक साल में हुआ 101 करोड़ का साइबर फ्रॉड, शादी का झांसा देकर दुष्कर्म केस बढ़े

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में लगातार साइबर/ऑनलाइन फ्रॉड के रिकॉर्ड में बढ़ोतरी देखी जा रही है। साल खत्म होने के दौरान इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने साल भर के अपराधों का ब्यौरा दिया है। इस दौरान सामने आया कि साइबर फ्रॉड से एक साल में धोखाधड़ी 101 करोड़ को छू गई है। इसमें से 17.24 करोड़ की रिकवरी क्राइम ब्रांच ने कराई है। इंदौर में एक साल में 65 हत्याएं दर्ज की गई हैं, जो बीते साल 62 थीं। वहीं वाहन चोरी 3056 मामले दर्ज हुए हैं।

**ऑनलाइन फ्रॉड से 17.24 करोड़ हुए रिफंड**-सीपी सिंह ने बताया कि इन ऑनलाइन फ्रॉड के दौरान हजारों खाते उपयोग में लाए गए हैं। इनमें से 25,124 खातों को चिन्हित कर फ्रीज किया गया है। यही साइबर/ऑनलाइन फ्रॉड इंदौर में साल 2023 में 82 करोड़ का था। साल 2024 में यह 94 करोड़ तक पहुंचा और अब साल 2025 में 101 करोड़ को छू गया है। वहीं रिफंड राशि 17.24 करोड़ है, जबकि साल 2024 में 14 करोड़ की राशि रिफंड हुई थी। सात ही, साल 2023 में केवल 5 करोड़ की राशि रिफंड हो सकी थी। ऐसे में फरियादी जल्द सामने आने पर रिफंड के केस बढ़ रहे हैं।

**शादी का झांसा देकर कर रहे दुष्कर्म**-वहीं दुष्कर्म केस के आंकड़े चिंता वाले हैं। साल 2025 में 347 केस



दर्ज हुए हैं। वहीं 213 केस ऐसे हैं, जिसमें शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया। वहीं साल 2024 में दुष्कर्म केस 388 और शादी के झांसा देकर दुष्कर्म केस केवल 16 ही थे। वहीं साल 2023 में 395 केस थे और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म केस तब सामने नहीं आए थे।

### अन्य अपराधों की यह स्थिति

वहीं कुल अपराधों में भी बढ़ोतरी हुई है। साल 2023 में कुल शिकायतें 4662 थीं, जो 2024 में 7053 हुईं। साथ ही, 2025 में बढ़कर 8126 हो गईं। इस तरह 22 फीसदी की बढ़ोतरी बीते साल से अधिक हुई है।

### सड़क दुर्घटनाओं में 247 की मौत

वहीं सड़क हादसों के आंकड़े भी चौंकाने वाले हैं। हालांकि बीते सालों की तुलना में इसमें मौतों में कमी आई है। साल 2025 में 247 की मौत सड़क हादसों में हुई है, जो साल 2024 में 320 थी।

### तीन बड़े थाने टूटेंगे

सीपी सिंह ने बताया कि चंदननगर, लसूडिया और बाणगंगा थाने को विभाजन कर नए थाने बनाए जाएंगे। इसका प्रस्ताव पहले ही मंजूर हो चुका है। वहीं पांच थानों में बल की कमी है, इसे भी बढ़ाया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।